## प्रपत्र–1

**परियोजना का नामः–** मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 78/2021 के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र लालकुँआ में केन्द्रीय तराई वन प्रभाग के हल्दूचौड़ में एन0एच0 87 व रेल पटरी के मध्य एक वीघा जमीन पर कियाशाला संस्कार स्थल का निर्माण कार्य।

## प्रतिवेदन
## (परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

संयुक्त सचिव, उत्तराखण्ड शासन, मुख्यमंत्री कार्यालय अनुभाग–4 (घोषणा अनुभाग) उत्तराखण्ड शासन की पत्र संख्या 167/XXXV-4पो0/2021 दिनांक 08 मार्च 2021 के द्वारा मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 78/2021 के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र लालकुँआ में केन्द्रीय तराई वन प्रभाग के हल्दूचौड़ में एन0एच0 87 व रेल पटरी के मध्य एक वीघा जमीन पर कियाशाला संस्कार स्थल का निर्माण किया जाना है। उक्त कियाशाला का निर्माण अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड, नैनीताल द्वारा किया जायेगा। प्रश्नगत क्षेत्र तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर के अन्तर्गत पड़ता है तथा परियोजना की लम्बाई 31.50 मी0 व चौड़ाई 20.00 मी0 है तथा कुल क्षेत्रफल 0.063 है0 है।

मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 78/2021 के तहत कियाशाला संस्कार स्थल के निर्माण हेतु वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के प्राविधानों के अन्तर्गत यह प्रस्ताव गठित कर वन विभाग को उपलब्ध कराया जा रहा है।

अधिशासी अभियन्ता
ह0/
(प्रयोक्ता एजेन्सी)
ग्रामीण निर्माण विभाग
प्रखण्ड–नैनीताल.